# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2007

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-2 : ACCOUNTANCY-I

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

**Note :** *Attempt any **four** questions including question no. 1 which is **compulsory**.*

---

**1.** Answer any ***two*** questions of the following : *7+7*

(a) What do you mean by subsidiary books ? State the objectives of preparing them.

(b) What is a Bank Reconciliation Statement ? What are the causes of disagreement between the balance in Bank pass book and firm's cash book ?

(c) What is Imprest system ? Explain.

(d) What is a Trial balance ? Why do we prepare it ?

**2.** Rectify the following errors by journal entries assuming that a Suspense Account was opened : *12*

(a) Rs. 540 received from M. Mehta was posted to the debit side of his account.

(b) Rs. 100 being purchase returns was posted to the debit of Purchases account.

(c) Rs. 574 paid for repairs to motor car was debited to the motor car account as Rs. 174.

(d) The purchase of a machinery for Rs. 6,000 was entered in the Purchases book.

(e) A sale of Rs. 350 to Sethi was entered in the Sales book as of Rs. 530.

(f) Rs. 500 paid towards wages for installing a machinery was debited to Wages account.

**3.** On 30th April, 2006 the Cash book of Srikanth showed an overdraft balance of Rs. 37,200. Prepare a Bank Reconciliation Statement using the following information : *12*

(a) Out of the two cheques issued to Kumar on April 25, 2006 (one for Rs. 1,500 and another for Rs. 3,750), the cheque for Rs. 3,750 was cashed on May 5, 2006.

(b) A wrong credit for Rs. 375 relating to some other account was found in the pass book.

(c) Three cheques for Rs. 4,500, Rs. 6,000 and Rs. 7,500 were deposited in the bank for collection on April 22, 2006. Only cheque for Rs. 6,000 was collected by April 30, 2006.

(d) There is a debit of Rs. 1,200 for interest and Rs. 225 for bank charges in the pass book only.

(e) The pass book showed that the bank had collected Rs. 9,000 as interest on securities. But there was no entry in the cash book.

(f) A bill receivable for Rs. 7,500 which was discounted with the bank in March, 2006 was dishonoured on April 28, 2006. It was debited in the pass book only.

4. The following balances were extracted from the books of Anand on 31st March, 2006 :

| | Dr (Rs.) | Cr (Rs.) |
|---|---|---|
| Capital | | 80,000 |
| Drawings | 10,000 | |
| General expenses | 5,240 | |
| Building | 52,000 | |
| Machinery | 38,000 | |
| Stock | 22,400 | |
| Coal and power | 5,400 | |
| Taxes and insurance | 2,800 | |
| Wages | 14,400 | |
| Sundry debtors | 12,400 | |
| Sundry creditors | | 15,000 |
| Discount | 1,000 | 1,200 |
| 10% Loan | | 15,000 |
| Sales | | 1,60,800 |
| Purchases | 94,000 | |
| Furniture | 23,000 | |
| Provision for bad debts | | 1,800 |
| Bills payable | | 8,700 |
| Commission | | 2,400 |
| Salaries | 13,600 | |
| Cash in hand | 260 | |
| Bank overdraft | | 9,600 |
| | 2,94,500 | 2,94,500 |

Prepare the final accounts for the year ended March 31, 2006 after giving effect to the following adjustments : 12

(a) Stock on March 31, 2006 was valued at Rs. 54,000.

(b) Outstanding salaries Rs. 1,400.

(c) Unexpired insurance Rs. 100.

(d) Write off Rs. 400 as bad debts and maintain the provision for the Bad debts at 5% on Debtors.

(e) Depreciate Building by 2·5%, Machinery by 5% and Furniture by 10%.

5. (a) Why is the double entry system of accounting considered to be superior to single entry system ?

(b) A trader who keeps his books of account on single entry system requests you to help him in calculating the amount of credit sales and credit purchases for ascertaining profit at the end of the year. From the following data ascertain the amounts of credit sales and credit purchases.

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| Opening debtors | 15,500 | Discount allowed | 960 |
| Opening creditors | 10,200 | Discount received | 740 |
| Cash received from customers | 33,030 | Closing debtors | 16,350 |
| Cash paid to suppliers | 21,865 | Closing creditors | 6,835 |
| | | Bad debts | 850 |

4+8

6. Write short notes on any ***two*** of the following : 6+6

(a) Difference between Sale and Consignment

(b) Characteristics of joint venture

(c) Significance of matching costs against revenue

(d) Direct expenses and Indirect expenses

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# सत्रांत परीक्षा

# जून, 2007

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-2 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

**नोट :** *किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि वह **अनिवार्य** है ।*

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

(अ) सहायक बहियों से क्या तात्पर्य है ? उन्हें रखने के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

(ब) बैंक समाधान विवरण क्या है ? बैंक पास बुक तथा फर्म की रोकड़ बही के शेष में अन्तर के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(स) अग्रदाय पद्धति (Imprest system) से क्या तात्पर्य है ? व्याख्या कीजिए ।

(द) तलपट से क्या तात्पर्य है ? यह क्यों बनाया जाता है ?

**2.** यह मानते हुए कि उचंत खाते का उपयोग हुआ है, निम्नलिखित अशुद्धियों के शोधन के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए : *12*

(क) एम. मेहता से प्राप्त हुए 540 रु. की राशि उसके खाते के डेबिट पक्ष में खतायी गई ।

(ख) 100 रु. की क्रय वापसी को क्रय खाते के डेबिट पक्ष में खताया गया ।

(ग) मोटर कार की मरम्मत पर व्यय किए गए 574 रु. की राशि मोटर कार खाते के डेबिट पक्ष में 174 रु. दिखाई गई ।

(घ) 6,000 रु. में क्रय की गई मशीन की क्रय बही में प्रविष्टि की गई ।

(ङ) सेठी को बेचे गए 350 रु. के माल की प्रविष्टि विक्रय बही में 530 रु. से की गई ।

(च) एक मशीन की फैक्टरी में लगाने के लिए दी गई 500 रु. की मजदूरी, मजदूरी खाते में डेबिट की गई ।

**3.** 30 अप्रैल, 2006 को श्रीकान्त की रोकड़ बही में 37,200 रु. का ओवरड्राफ्ट शेष था । निम्नलिखित सूचना के आधार पर बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए : *12*

(क) 25 अप्रैल, 2006 को कुमार को जारी किए गए 1,500 रु. तथा 3,750 रु. के दो चैकों में से 3,750 रु. का चैक 5 मई, 2006 को भुनाया गया ।

(ख) पास बुक में क्रेडिट की गई 375 रु. की राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते से सम्बन्धित थी ।

(ग) 22 अप्रैल, 2006 को 4,500 रु., 6,000 रु. तथा 7,500 रु. के तीन चैक वसूली के लिए बैंक में जमा किए गए थे । 30 अप्रैल, 2006 तक इनमें से केवल 6,000 रु. वाले चैक की वसूली हो पाई ।

(घ) पास बुक के केवल डेबिट पक्ष में 1,200 रु. ब्याज तथा 225 रु. बैंक सेवा प्रभार के रूप में दिखाए हुए हैं ।

(ङ) पास बुक में 9,000 रु. की एक राशि बैंक में प्रतिभूतियों पर प्राप्त हुए ब्याज के रूप में दिखाई गई है । किन्तु इसकी रोकड़ बही में कोई प्रविष्टि नहीं की गई ।

(च) 7,500 रु. का एक प्राप्य बिल जो बैंक से मार्च, 2006 में बट्टे पर भुनाया गया था, 28 अप्रैल, 2006 को अनादरित हो गया था । उसकी प्रविष्टि केवल पास बुक में डेबिट है ।

**4.** 31 मार्च, 2006 को आनन्द की बहियों में निम्नलिखित शेष थे :

| | डेबिट (रु.) | क्रेडिट (रु.) |
|---|---|---|
| पूँजी | | 80,000 |
| आहरण | 10,000 | |
| सामान्य व्यय | 5,240 | |
| भवन | 52,000 | |
| मशीनरी | 38,000 | |
| स्टॉक | 22,400 | |
| कोयला व बिजली (पॉवर) | 5,400 | |
| टैक्स व बीमा व्यय | 2,800 | |
| मज़दूरी | 14,400 | |
| विविध देनदार | 12,400 | |
| विविध लेनदार | | 15,000 |
| छूट | 1,000 | 1,200 |
| 10% ऋण | | 15,000 |
| विक्रय | | 1,60,800 |
| क्रय | 94,000 | |
| फर्नीचर | 23,000 | |
| अशोध्य ऋण प्रावधान | | 1,800 |
| देय बिल | | 8,700 |
| कमीशन | | 2,400 |
| वेतन | 13,600 | |
| रोकड़ शेष | 260 | |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | | 9,600 |
| | 2,94,500 | 2,94,500 |

निम्नलिखित समायोजन करते हुए, 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अन्तिम लेखे तैयार कीजिए : 12

(अ) 31 मार्च, 2006 को स्टॉक का मूल्य 54,000 रु. था ।

(ब) देय वेतन 1,400 रु. ।

(स) पूर्वदत्त बीमा व्यय 100 रु.

(द) अशोध्य ऋण के 400 रु. की राशि अपलिखित करनी है तथा देनदारों पर 5% का अशोध्य ऋण प्रावधान किया जाना है ।

(य) भवन पर 2·5%, मशीनरी पर 5% तथा फर्नीचर पर 10% मूल्यहास लगाया जाना है ।

5. (अ) दोहरी लेखा प्रणाली को इकहरी लेखा प्रणाली से अच्छा क्यों माना जाता है ?

(ब) एक व्यापारी जिसने इकहरी लेखा प्रणाली के आधार पर लेखे रखे हैं, वर्ष के अन्त में लाभ ज्ञात करने के लिए उधार विक्रय तथा उधार क्रय की राशियाँ ज्ञात करने में आपकी सहायता माँगता है । निम्नलिखित ब्यौरा से उधार विक्रय तथा उधार क्रय की राशियाँ ज्ञात कीजिए ।

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक देनदार | 15,500 | दी गयी छूट | 960 |
| आरम्भिक लेनदार | 10,200 | प्राप्त छूट | 740 |
| ग्राहकों (देनदारों) से प्राप्त राशि | 33,030 | अन्तिम देनदार | 16,350 |
| पूर्तिकर्ताओं को भुगतान की गयी राशि | 21,865 | अन्तिम लेनदार | 6,835 |
| | | अशोध्य ऋण | 850 |

4+8

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *6+6*

(अ) विक्रय तथा परेषण में अन्तर

(ब) संयुक्त उपक्रम की विशेषताएँ

(स) लागतों से आगम के मिलान का महत्त्व

(द) प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष व्यय